पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स 'व्यक्ति' से ज्यादा 'सेवा' को प्रोत्साहित करता है — राज्यपाल

लखनऊ : 2 अक्टूबर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन, लखनऊ से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा 'गांधी जी के जीवन दर्शन' पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी के जीवन दर्शन से प्रभावित स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन का हमारी भावी पीढ़ी को अनुशासित करने और उनमें देशभक्ति की भावना भरने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह संगठन बच्चों में देश प्रेम, परोपकार तथा जरूरतमंदों की मदद करने हेतु प्रेरित करता है, ताकि वे भविष्य में संवेदनशील नागरिक बनकर देश और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

राज्यपाल ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एक ऐसा अभियान है जो 'व्यक्ति' से ज्यादा 'सेवा' को प्रोत्साहित करता है। जीवन के सफर में आने वाली विभिन्न परिस्थितियों के समाधान के लिये 'हमेशा तैयार रहो' ही स्काउट्स एवं गाइड्स का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन अपने शैक्षणिक प्रशिक्षण, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और साहसिक गतिविधियों को अनुशासित माहौल में एकत्रित कर युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा देश भर में एक करोड़ वालंटियर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश में भी इनकी संख्या बढ़ायी जायेगी।

राज्यपाल ने कहा कि गांधी जी के देश में हम अब 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ' का अभियान चला रहे हैं, यह हम लोगों के लिए शर्म की बात है। गांधी जी ने बहुत पहले ही बेटियों की शिक्षा पर तब ध्यान दिया था, जब कोई इनकी शिक्षा की कल्पना भी नहीं करता था। उनके जीवन दर्शन से हमें अभी बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।

इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संस्था के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डा0 अनिल कुमार जैन, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त श्री के0के0 खंडेलवाल, राष्ट्रीय हेडक्वाटर आयुक्त श्री मनीष मेहता एवं निदेशक श्री राज कुमार कौशिक सहित अन्य लोग आनलाइन जुड़े हुए थे।

———

ओ0पी0राय/राजभवन (40/3)

राजभवन उत्तर प्रदेश
BE THE CHANGE THAT YOU WISH TO SEE IN TH

THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES
NATIONAL LEVEL
COMMUNITY SINGING COURSE
राजभवन उत्तर प्रदेश